तापमान
अधिकतम 30.3 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 7 मार्च 2025

11 60 % प्रमाण पत्र के आधार पर बनवाई जा सकती है पेंशन

12 बाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय मेले का...

शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से
- लघुसचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।

खबर संक्षेप

महिला को नशीले पदार्थ सहित किया गिरफ्तार

रोहतक। एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने महिला को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया है। महिला से 1 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। महिला आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। जांच के दौरान गांव बसाना के पास से महिला को शक के आधार पर काबू किया गया। महिला की पहचान संतोष निवासी मोखरा के रुप में हुई। महिला के पास से 1 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। महिला के खिलाफ थाना कलानौर में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

नगदी चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने नगदी चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सांपला थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि इस्माइला निवासी प्रदीप की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि प्रदीप ने सांपला बेरी के पास स्थित ढाबे पर चाय व मनी ट्रांसफर करने की दुकान कर रखी है। 22 फरवरी को प्रदीप अपनी दुकान का आधा शटर नीचे कर किसी काम से चला गया। करीब 20-25 मिनट बाद वापिस आया तो उसे दुकान के अंदर काउंटर में रखे करीब 14-15 हजार रुपये नहीं मिले। 5 मार्च को रवि निवासी सोनीपत हाल नरेंद्र नगर सोनीपत को गिरफ्तार किया।

खेल नर्सरियों के लिए 15 तक आवेदन करें

रोहतक। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों, पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी योजना 2025-26 के तहत खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए 15 मार्च 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह खेल नर्सरियां केवल ओलमंपिक, एशियन एवं कॉमनवेल्थ खेलों में शामिल खेलों के लिए खोली जाएंगी।

एमडीयू ने जारी किया परिणाम

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित बी. कॉम वार्षिक तीसरे वर्ष री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

स्कूल से बाहर वाहन खड़ा कर चुपके से परीक्षा केंद्र में पहुंची बोर्ड फ्लाइंग

परीक्षाः 2 छात्राओं ने अंडर गारमेंट्स में छुपा रखी थी नकल, फ्लाइंग ने बनाया यूएमसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राज्य सरकार की तरफ से नकल रोकने के लिए उठाए जा रहे सख्त कदम के बाद जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। रोहतक सहित आसपास के कस्बों में अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की फ्लाइंग स्कवैड टीम भी अलग अलग केंद्रों पर जाकर निरीक्षण कर रही है। वीरवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा की फाइन आर्ट्स विषय की वार्षिक परीक्षा थी।

महम के भिवानी रोड स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में कुछ परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे थे। इस दौरान हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की फ्लाइंग स्कवैड टीम महम शहर के भिवानी रोड स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा केंद्र में पहुंची। बोर्ड फ्लाइंग ने अपने वाहन स्कूल से ही बाहर सड़क पर खड़े कर दिए। उसके बाद पैदल ही फ्लाइंग के पांच छह सदस्य स्कूल में दाखिल हुए। परीक्षा केंद्र में तैनात परीक्षा केंद्र अधीक्षक और सुपरवाइजर्स को इस बात की भनक भी नहीं लगी की बोर्ड फ्लाइंग परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर चुकी है।

■ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उड़नदस्ते को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महम (बॉयज) में नकल के साथ पकड़ी गई प्राइवेट स्कूल की दो छात्राएं

महम। परीक्षा केंद्र के बाहर आपस में बातचीत करते हुए विद्यार्थी।

अधिकारियों ने परीक्षार्थियों की तलाशी ली

बोर्ड फ्लाइंग ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया। फाइन आर्ट्स का पेपर होने की वजह से परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों की संख्या कम थी। उड़नदस्ते में शामिल अधिकारियों ने परीक्षार्थियों की तलाशी ली। जब महिला फ्लाइंग स्टाफ सदस्य लड़कियों की तलाशी ले रही थी, तो एक प्राइवेट विद्यालय की दो छात्राएं नकल के साथ पकड़ी गई। दोनों छात्राओं ने अपने अंडर गारमेंट्स में नकल की पर्चियां छिपाई हुई थी। बोर्ड फ्लाइंग ने दोनों छात्राओं का यूएमसी बना दिया।

इतने सेंटर बनाए

शिक्षा विभाग के मुताबिक 12वीं कक्षा के लिए कुल सेंटर 31 बनाए गए हैं। कुल विद्यार्थी 1052 हैं और इसमें 1044 ने परीक्षा दी है। 8 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे हैं।

पुलिस भी सख्ती बरत रही

खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित बनाने के लिए महम में एसडीएम फ्लाइंग भी काम कर रही है। वीरवार को बोर्ड फ्लाइंग ने दो छात्राओं के पास नकल मिली हैं, जिनका यूएमसी बनाया गया है। किसी भी सूरत में परीक्षा केंद्रों में नकल नहीं होने दी जा रही। पुलिस की 112 नंबर सेवा के अधिकारी सतपाल सिंह ने बताया कि महम के परीक्षा केंद्र पर पुलिस द्वारा पूरी सख्ती बरती जा रही है। किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप नहीं होने दिया जा रहा। 112 नंबर वाहन परीक्षा के दौरान महम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पर तैनात रहता है। नकल पर पूरी तरह से अंकुश लगाया गया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल राजेश नांदल ने बताया कि उनके विद्यालय में नकल पर अंकुश लगाने के लिए वे सभी इंतजाम किए हैं, जो विद्यालय स्तर पर किए जा सकते हैं। दो छात्राओं द्वारा अंडर गारमेंट्स में छिपाकर नकल लाई गई थी। जिसका बोर्ड फ्लाइंग ने भंडाफोड़ किया और दोनों परीक्षार्थियों का नकल का केस बनाया गया है।

निर्माणाधीन मकान से सामान चोरी की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से हुई चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि जनता कॉलोनी निवासी विजयरानी की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

जांच में सामने आया कि गांव पहरावर में विजयरानी के फॉर्म हाउस में निर्माण कार्य चल रहा है। 1 मार्च को फॉर्म हाउस से बिजली के नए तार, मशीने व अन्य सामान नहीं मिला। अज्ञात युवक सामान चोरी कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 5 मार्च को आरोपी प्रवीण निवासी पाक्समा हाल विजय नगर व देवाशीष निवासी पहरावर को गिरफ्तार किया गया है।

गाड़ी चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट में किया पेश

रोहतक। पुलिस ने गाड़ी चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि बोहर निवासी सुमित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

जांच में सामने आया कि 6 दिसंबर 2024 को सुमित की गाड़ी उसके दोस्त ने अपने घर सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड में गली में खडी की थी। 7 दिसंबर को सुबह आलोक को गाड़ी नहीं मिली। गाड़ी में करीब 20 हजार रुपये, दो सोने की अगूठी थी। जांच के दौरान 5 मार्च को आरोपी अजय उर्फ मोनू निवासी नौनंद को गिरफ़्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ दिल्ली, पानीपत, हिसार में 3 मामले दर्ज है। वारदात में शामिल रहे आरोपी देशराज को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने जारी किए आदेश

अनाधिकृत कब्जे हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त

■ ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के विभिन्न सैक्टरो से अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं।

जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा द्वारा जारी आदेश के तहत हरियाणा शहरी विकास

प्राधिकरण के सेक्टर-24, 25 एवं 22-22ए के डिवाईडिंग रोड से अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के उपमंडल अभियंता राजीव कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिलाधीश द्वारा जारी दूसरे आदेश के तहत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सैक्टर-21पी एवं 21ए से अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की होर्टिकल्चर डिविजन के उपमंडल अभियंता देवेंद्र कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।

आईएए ने की बैठकः आयुष्मान योजना व सड़क दुर्घटना पीड़ितों के प्रबंधन से संबंधित प्रश्नों का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईएमए हाउस में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला नोडल अधिकारी, आयुष्मान डॉ. परितेव सिंह, विवेक, डॉ. नवीन गौरव और सोमोटी ने आयुष्मान योजना और सड़क दुर्घटना पीड़ितों के प्रबंधन से संबंधित प्रश्नों का समाधान किया। बैठक की अध्यक्षता आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरती साहू, डॉ. अर्जुन नरूला सचिव, डॉ. एस.एल. वर्मा एवं डॉ. रविंदर चौधरी ने की। आयुष्मान योजना से संबंधित विषयों पर चर्चा के लिए आईएमए की ओर से डॉ. रविंदर हुड्डा और डॉ. करण

सिवाच ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक में 25 से अधिक आयुष्मान भागीदारों ने भाग लिया, और अस्पतालों द्वारा उपचार प्रोटोकॉल एवं भुगतान से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों को जिला अधिकारियों द्वारा उचित रूप से संबोधित किया गया।

इंडस जूनियर विंग में जन्म दिन मनाया

रोहतक। इंडस जूनियर विंग में एलकेजी कक्षा के विद्यार्थी वियान का जन्मदिन मनाया गया। उसने सहपाठियों के साथ मिलकर जन्मदिन का केक काटा। सबने नाच गाकर उत्सव का आनंद लिया व स्वादिष्ट केक का लुत्फ उठाया सभी बच्चों एवं अध्यापिकाओं ने उसे जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

जागरूकता अभियानः जैविक किसानों ने किया एक दूसरे के खेतों का दौरा

जींद-झज्जर-दादरी-कैथल का दौरा संपन्न 16 मार्च को होगा बाकी बचे खेतों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गत दिनों जैविक किसान बिक्री समूह हरियाणा के 16 खेतों का दौरा हुआ। इस में बिक्री समूह के 10 सदस्यों समेत कुल 12 व्यक्ति शामिल थे।

इस दौरे का उद्देश्य मुख्य उद्देश्य एक दूसरे के अनुभवों से सीखना था। यह दौरा झज्जर के डीघल, जीवड़ा (रेवाड़ी), तलाव, झांस्वा, बिरोहड़ से होते हुए दादरी के दग्डोली में समाप्त हुआ। रात्री विश्राम जींद जिले में हुआ। यह दौरा 3 मार्च को जींद जिले के खरक रामजी, एंचरा, बुढाखेडा, रिटोली, मोहमद खेड़ा, ढाठरथ, हरसोला (कैथल), नरवाना के बेलरखा से होते हुए सच्चाखेड़ा में समाप्त हुआ। जैविक किसान बिक्री समूह, हरियाणा के सदस्यों के शेष बचे हुए 7 खेतों का दौरा 16 मार्च को किया जाएगा।

इस दौरे पर प्रति किसान 1100 रुपये खर्च आयाः प्रो राजेन्द्र चौधरी

जैविक किसान बिक्री समूह हरियाणा के संयोजक किसान मंजीत सिंह ने बताया कि एक दो खेतों को छोड़कर शेष खेतों में अच्छी लहलहाती फसल देखने को मिली। जिन दो खेतों में फसल कमजोर थी, वहां किसान ने बताया कि पानी खड़े रहने के कारण अथवा अन्य कारणों से या तो बिजाई समय पर नहीं हो पाई या बिजाई के समय जमीन ठीक से तैयार नहीं हो पाई। जो किसान सभी काम समय पर कर पाए उन की फसल किसी भी रूप में रासायनिक खेती से कम नहीं थी। यह इस के बावजूद है कि अधिकतर किसानों ने गेहूं के साथ नाइट्रोजन की पूर्ति हेतु दलहन नहीं बोई हुई थी। अपवाद स्वरूप दादरी के दग्डोली गांव के जय भगवान के खेत में गेहूं के साथ ही धनिया, मेथी, चना भी लहलहा रहे थे। इस से यह साबित होता है कि गेहूं के साथ मिश्रित खेती संभव है। दूसरी कमी जो कई जगह देखी गई वह थी बीज में सम्मिश्रण, मुख्य किस्म, जो आम तौर पर सी 306 थी, के साथ-साथ कई अन्य किस्मों का बीज भी आम तौर पर मिला हुआ था। समूह के सलाहकार प्रो राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि किसानों को बीज की शुद्धता हेतु विशेष प्रयास करने चाहिये। रसायन मुक्त खेती करने वालों को मिश्रित खेती करनी चाहिए न कि एक फसली खेती। जीवड़ा (रेवाड़ी) के किसान ने एक फसली बाग़ा लगाया हुआ था तो जींद के बेलरखा में मिश्रित बाग़ा था। मिश्रित बाग़ा से अधिकांश उत्पाद खेत से ही बिक जाता था अथवा स्थानीय आचार निर्माता ले जाते थे। बिना किसी बाहरी आर्थिक सहायता के किए गए इस दौरे में प्रति किसान 1100 रुपये खर्च आया।

18वें चतुर्वेद पारायण महायज्ञ के 12वें दिन का कार्यक्रम संपन्न

महर्षि दयानंद ने सदैव महिलाओं के अधिकारों की वकालत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ, टिटौली में आयोजित 18वें चतुर्वेद पारायण महायज्ञ के 12वें दिन का कार्यक्रम श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनेक विद्वानों और भजन उपदेशकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और वैदिक संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में दक्षिण अफ्रीका से पधारी पंडिता विजय लक्ष्मी ने कहा कि हम आज भी आर्य समाज की बदौलत वैदिक संस्कृति से जुड़े हुए हैं। उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती के योगदान को रेखांकित करते हुए बताया कि किस प्रकार आर्य समाज ने भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति, वैदिक परंपरा और सामाजिक सुधार की अलख जगाई। उन्होंने समाज को दिशा देने में आर्य समाज की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और सभी को वैदिक सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा दी।

वैदिक सिद्धांतों का पालन करें: वेदप्रकाश

यज्ञ के ब्रह्मा स्वामी वेदप्रकाश ने कहा कि आर्य समाज केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक महान विचारधारा है, जिसके सानिध्य में समाज का समुचित सुधार संभव है। उन्होंने कहा कि वैदिक परंपरा के अनुसार यदि समाज सत्य, अहिंसा और धर्म के मार्ग पर चले, तो वह उन्नति की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि महर्षि दयानंद द्वारा प्रचारित वैदिक सिद्धांतों का पालन करें। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन उपदेशिका कल्याणी आर्या ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती न केवल वेदों के मर्मज्ञ थे, बल्कि वे समाज सुधारक भी थे। उन्होंने सदैव महिलाओं के अधिकारों की वकालत की और शिक्षा व समानता का अधिकार दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई। महायज्ञ में उपस्थित सभी यज्ञमानों का आयोजन समिति द्वारा विशेष रूप से सम्मान किया गया। उन्हें महर्षि दयानंद के चित्र भेंट किए गए ताकि वे उनके आदर्शों से प्रेरित होकर समाज में वैदिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार कर सकें। आज विशेष रूप से आहुति डालने वालों में विभिन्न प्रांतो से पहुंचे संन्यासियों व जगबीर मलिक, किरण मलिक, जितेंद्र आर्य, धर्मपाल दांगी, दयावती आर्या, कृष्ण खरब, कमलेश दांगी विशेष रूप से शामिल रहे।

अंतरराष्ट्रीय विद्वत महासम्मलेन का उद्घाटन स्वामी रामदेव करेंगे

आर्य समाज स्थापना के 150 पूर्ण होने के अवसर पर 7 से 9 मार्च तक चलने अंतरराष्ट्रीय विद्वत महासम्मलेन का उद्घाटन स्वामी रामदेव करेंगे। महासम्मेलन की अध्यक्षता आर्य प्रतिनिधि सभा के सर्वोच्च नेता स्वामी आर्यवेश करेंगे। 8 मार्च को शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह संधू उपस्थित रहेंगे। 9 मार्च को नोबल पुरस्कार विजेताओं कैलाश सत्यार्थी उपस्थित रहेंगे। महासम्मेलन के संयोजक के रूप में स्वामी आदित्यवेश, महासचिव सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद उपस्थित रहेंगे।

पहरावर गोशाला में की गई पशुओं की टैगिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने बताया कि वीरवार को निगम व पशुपालन विभाग की टीम द्वारा पहरावर गोशाला में पशुओं की टैगिंग की गई। सभी टैग संतरिया रंग के हैं तथा सभी टैग पर नम्बर व निगम की पहचान बनवाई गई है। ताकि निगम द्वारा पकड़े गये पशुओं की अलग से पहचान की जा सके। निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़वाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। कुमारी ने आमजन से अपील है कि वे पशुओं को खुले में न छोड़े। क्योकि इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है। व आमजन को भी असुविधा होती है। जो व्यक्ति पशुओं को खुले में छोड़ देते हैं, ऐसे पशुओं को भी पकड़कर पहरवार गोशाला में छोड़ा जायेगा। तथा पकड़े गए पशु वापस नहीं लौटाए जाएगें।

डेयरियों का निरीक्षण

संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने कहा कि पशुओं की टैगिंग के दौरान निगम की और से नगर अभियंता सत्यव्रत, मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन, सफाई निरीक्षक रमेश कुमार, सहायक सफाई निरीक्षक सुमित, परमजीत, कृष्ण लाल, संदीप राठी, प्रदीप कुमार व पशुपालन विभाग की और से उप निदेशक डॉ. सूर्या खटखड़ के साथ उनके डाक्टरों की टीम उपस्थित रही। संयुक्त आयुक्त निगम की टीम द्वारा डेयरियों में भी निरीक्षण किया गया। जिस दौरान गंदगी फैलाने वाले तीन डेयरी संचालकों के 6000 रुपये के चालान किए गए। इसके अतिरिक्त एक ट्रैक्टर संचालक का जो निर्माण एवं विध्वंस सामग्री लेकर जा रहा था, का चालान किया गया।

सेलिब्रेशन

होली पर रंग-बिरंगी मस्ती

बच्चे होली पर रंग खेलने के साथ खूब मौज-मस्ती करते हैं। टीवी के चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि उनकी अब तक की कौन-सी होली, खूब मस्ती भरी और यादगार रही? इस बार उनकी होली पर क्या खास प्लानिंग है? इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का **बालभूमि** के अपने दोस्तों के लिए क्या मैसेज है? जानो, इन्हीं की जुबानी।

होली का असली मजा मिलजुल कर रंग खेलने में है: जारा वारसी

एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची की भूमिका निभा रही जारा वारसी के लिए होली का त्योहार खास अहमियत रखता है। वह कहती है, 'मैं भले ही किसी दूसरे धर्म की हूं, लेकिन होली का त्योहार मेरे लिए हमेशा से खास रहा है। मैं पूरे उत्साह-उमंग से अपने दोस्तों के साथ होली मनाती हूं।' होली का एक मेमोरेबल इंसिडेंट जारा बताती है, 'एक बार मैं अपने स्कूल के दोस्तों के साथ पहली बार कॉलोनी में होली खेल रही थी। हम सब दोस्त एक-दूसरे पर वाटर बैलून फेंक रहे थे, गलती से एक बैलून पास से गुजर रहे अंकल को लग गया। हम घबरा गए कि अब हमें डांट पड़ेगी, लेकिन उन्होंने भी हंस कर हमें रंग लगा दिया। उस पल ने मुझे सिखाया कि होली का असली मजा हंसी-मजाक और मिलजुल कर रंग खेलने में ही है।' इस वर्ष होली को लेकर अपनी खास प्लानिंग के बारे में जारा बताती है, 'इस बार मैं अपने शो के कलाकारों के साथ सेट पर भी होली सेलिब्रेट करूंगी। साथ ही, घर पर एक छोटी-सी गेट-टुगेदर भी रखी है। मैं अबकी नेचुरल कलर से ईको-फ्रेंडली होली खेलूंगी, ताकि लोगों को किसी तरह कोई परेशानी न पहुंचे।' 'बालभूमि' के दोस्तों को होली का मैसेज देते हुए जारा कहती है, 'मैं अपने सभी प्यारे दोस्तों से कहना चाहूंगी कि होली हमेशा मिलजुल प्यार से खेलें। किसी पर जबरदस्ती रंग न डालें। पानी की बर्बादी से बचें, ईको-फ्रेंडली रंगों का इस्तेमाल करें। दोस्तों संग होली की मस्ती करें और खूब हंसें-खिलखिलाएं।' *

इस बार अपने ऑनस्क्रीन मम्मी-पापा के साथ रंग खेलूंगा: कविश खुंगर

कविश खुंगर को इन दिनों शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका में दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। कविश से जब बात होती है कि उसकी सबसे मेमोरेबल होली कौन सी थी, तो वह चहकते हुए बताता है, 'मेरी सबसे मजेदार और मेमोरेबल होली पिछले साल की थी। मैंने वाटरगन की मदद से ढेर सारे वॉटर बैलून खुद तैयार किए। मम्मी-पापा और अपने फ्रेंड्स को रंग लगाया। इन सबने भी मुझे रंग लगाया। फिर मैंने गुलाब जामुन, गुझिया, पेड़ा और कई सारी मिठाइयां खाईं। घर आए अपने दोस्तों के साथ मैंने खूब डांस भी किया।' कविश को होली फेस्टिवल बहुत पसंद है। वह बताता है, 'मैं होली पर अपने दोस्तों के साथ खूब मस्ती करता हूं, हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। इस दिन हमें मस्ती करने से कोई रोकता नहीं है।' इस बार होली पर अपनी प्लानिंग के बारे में भी कविश बताता है, 'अबकी बार मैं शो के सेट पर अपने ऑनस्क्रीन मम्मी-पापा (वृंदा-केशव) के साथ भी रंग खेलूंगा। मैं सेट पर सभी के लिए मिठाइयां लेकर भी जाऊंगा। खूब एंज्वॉय करूंगा।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को कविश मैसेज देता है, 'सभी दोस्त अच्छे से रंग खेलें और होली की मस्ती करते वक्त इस बात का ख्याल रखें कि किसी को चोट न लगे। मिठाइयां खाएं-खिलाएं। होली का दिन खूब हंसी-खुशी के साथ एंज्वॉय करें। सभी को हैप्पी होली...।' *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

प्यार बांटती घर-घर होली

विदा हो गए टोपा, जर्सी,
सर्दी भागी होली आई।
बचपन की मस्ती संग लिए,
खुशियों से झोली भर लाई।।
ठंड रही ना गर्मी ज्यादा,
रंग-रंगीला मौसम आया।
झूम उठे फूलों पर भौंरे
जंगल में टेसू हरषाया।।
हफ्ते भर की छुट्टी होंगी,
कई दिनों तक खेलें होली।
सोहन, मोहन, शंकर, शालू,
घर से चलें बनाकर टोली।।
कितना भी छुप लेना कोई,
सबके मुंह कर देंगे काले।
लाल गुलाल मलें गालों पर,
हम सब होली के मतवाले।।
प्यार बांटती घर-घर होली,
आपस में हम गले मिलेंगे।
बड़े बुजुर्गों से नतमस्तक,
प्यार भरा शुभ आशीष लेंगे।।
खूब छकेंगे माल-मिठाई,
पूआ-पूड़ी और कचौड़ी।
जहां जाएंगे वहीं मिलेंगे,
टिकिया-भल्ले चाट-पकौड़ी।।
चना-मटर की फली करारी,
दादी भूने जौ के दाने।
लठमार होली देखेंगे,
द्वार-द्वार ढप-ढोल सुहाने।।
तरह-तरह के खेल तमाशे,
जब बस्ती में चले हुरंगा।
नाचें-गाएं मुंह मटकाएं,
तन-मन होते रंगमरंगा।।

ऑर्गेनिक कलर्स से खेलें होली: श्रेया पटेल

सोनी सब के शो 'तेनाली रामा' में पद्मावती का किरदार निभा रही बाल कलाकार श्रेया पटेल अपनी सबसे मेमोरेबल होली को याद करते हुए बताती है, 'मेरी अब तक की सबसे यादगार होली वह थी, जब मैं आउटडोर शूट के लिए उमर गांव गई थी। चूंकि वहां बहुत लंबा शूट चला, इसलिए सभी के साथ मेरी बहुत ही प्यारी बॉन्डिंग बन गई थी। सेट पर सबसे छोटी होने के कारण मैं सबकी लाडली थी। हमने वहां जमकर होली खेली और अपने को-एक्टर्स के साथ खूब मस्ती की। परिवार और दोस्तों के साथ तो हम हर साल होली मनाते ही हैं, लेकिन पहली बार अपने को-एक्टर्स के साथ होली मनाने का मजा ही कुछ और था।' श्रेया इस बार की होली को लेकर अपनी प्लानिंग बताती है, 'अबकी मैं 'तेनाली रामा' के सेट पर ही मस्ती और धमाल वाली होली मनाना चाहती हूं। इस शो की टीम के साथ मेरी बहुत प्यारी बॉन्डिंग हो चुकी है, यह मेरा दूसरा परिवार बन चुका है।' 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज देते हुए श्रेया कहती है, 'मैं अपने सभी दोस्तों से यही कहना चाहूंगी कि होली खूब खेलें और जमकर मस्ती करें, लेकिन जितना हो सके पानी बचाएं, सूखे अबीर-गुलाल ज्यादा इस्तेमाल करें। हार्मफुल केमिकल कलर्स के बजाय नेचुरल या ऑर्गेनिक कलर्स का ही इस्तेमाल करें। अपने परिवार और दोस्तों को भर-भर के रंग लगाएं और बोलें, 'बुरा न मानो, होली है...!' *

प्रस्तुति
बालभूमि फीचर्स

पापा से अपनी होली की डिमांड बता दी है: वृही कोडवारा

सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल के किरदार से दर्शकों का मन मोह रही वृही कोडवारा से जब उसकी सबसे यादगार होली की बात होती है तो वह हंसते हुए बताती है, 'लास्ट ईयर की होली मेरी अब तक की बेस्ट होली थी, क्योंकि मैंने दो-दो बार होली मनाई थी।

एक बार घर पर और दूसरी बार 'पुष्पा इंपॉसिबल' के सेट पर राशि दीदी, प्रार्थना दीदी, दादू, चिराग भैया, दीप्ति दीदी, अश्विन दादा और बहुत सारे लोगों के साथ होली की मस्ती की थी। घर पर फैमिली और फ्रेंड्स के साथ होली मनाने में मजा तो आता है, लेकिन सेट पर बहुत सारे लोगों के साथ होली मनाने का कुछ अलग ही मजा है। सेट पर दोनों काम एक साथ हो जाते हैं, होली भी मन जाती है और शूट भी हो जाता है।' वृही इस बार की अपनी होली की प्लानिंग बताती है, 'वैसे तो हम हमेशा कलर्स और पिचकारी के साथ ही होली खेलते हैं, लेकिन इस बार का कुछ अलग प्लान है।

मैंने पापा से अपनी डिमांड बोलकर रखी है कि इस बार हम लोग एक रिसॉर्ट पर जाएंगे। पूल में खेलेंगे, होली मनाएंगे और बहुत मजे करेंगे।' होली पर वृही का बालभूमि के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'सभी लोग हमेशा नेचुरल कलर से होली खेलें और पानी की बचत करें। मेरी तरफ से अपने सभी फ्रेंड्स को 'हैप्पी होली...!'*

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

मजेदार कविताएं-रोचक उपन्यास

बच्चों, तुम्हारे लिए मजेदार-ज्ञानवर्धक कविताओं की एक किताब कुछ समय पूर्व छपकर आई है। 'पचपन रंग बचपन के' शीर्षक वाली इस किताब में कुल पचपन कविताएं संकलित हैं। इन कविताओं में तुम्हें विज्ञान, भूगोल, प्रकृति और बच्चों के मन की बातों के साथ ही कुछ नटखटपन से भरी अलग-अलग रंगों की कविताएं भी पढ़ने को मिलेंगी। यहां कुछ कविताएं ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुम्हें लगेगा कि अरे, ऐसा तो मैं भी सोचता/सोचती हूं! 'सोच रहा बंटी मन ही मन' और 'पापा तुमने कभी न जाना' ऐसी ही कविताएं हैं। इन दिनों तुम सब होली खेलने की तैयारी कर रहे होगे। हर रंग की क्या खासियत है, इसे 'रंगों की लड़ाई' कविता में पढ़ सकते हो। किताब की सभी कविताएं पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *

किताब: पचपन रंग बचपन के, **रचनाकार:** अखिलेश श्रीवास्तव चमन,
मूल्य: 200 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

बच्चों, अभी कुछ समय पहले ही एक बहुत रोचक बाल उपन्यास 'एक गुलाबी भैंसा अलग सा' छपकर आया है। यह टाइटल पढ़कर तुम सोच रहे होगे कि भैंसा वो भी गुलाबी! तुमने अब तो काले रंग की ही भैंस देखी होंगी। लेकिन इस किताब में एक नन्हे से गुलाबी रंग के भैंसे की ही कहानी है। वो नन्हा सा भैंसा अपने अलग आकार और रंग के कारण अपने समूह में बिल्कुल अलग दिखता है। उसकी सोच भी बहुत अलग है। उसके मन में कैसे-कैसे सवाल उठते हैं, वो क्यों किसी खतरनाक जानवर से भी नहीं डरता है, वह कैसे हर हाल में खुश रह लेता है, जंगल के सब जानवर उसे क्यों प्यार करते हैं? यह सब जानने के लिए तुमको यह रोचक किताब पढ़नी होगी। यह किताब पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। *

किताब: एक गुलाबी भैंसा अलग सा, **लेखक:** समीर गांगुली,
मूल्य: 199 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

होली के ऐन पहले सार्थक के पापा का ट्रांसफर चेन्नई हो गया। वहां का अलग कल्चर, अलग भाषा, नए लोग, कोई दोस्त भी नहीं...। ऐसे में कैसी रही सार्थक की होली?

होली वालतुक्कल!

सार्थक ने होली के त्योहार को लेकर क्या-क्या नहीं सोच रखा था, लेकिन ऐन मौके पर उसके पापा का ट्रांसफर ऑर्डर आ गया। अब ट्रांसफर तो उनका होता ही रहता है। इसी बहाने सार्थक को नई-नई जगह घूमने का मौका मिलता है, उसे खूब मजा भी आता है। लेकिन होली पर यह ट्रांसफर, उफ!

सार्थक के पापा अफसर हैं। चेन्नई पहुंचने पर उनका शानदार वेलकम हुआ। उन्हें वहां फर्निश्ड और डेकोरेटेड फ्लैट मिला था। सार्थक की मम्मी ने चेन्नई निकलने से पहले होली को ध्यान में रखते हुए ढेर सारी गुझिया, कचरी, पापड़, चिप्स वगैरह बनाकर रख लिए थे। सार्थक ढेर सारा रंग, गुलाल और अलग-अलग तरह की चार पिचकारियां ले आया था। उसने कई जोड़ी नए कपड़े भी लिए थे। सार्थक के मम्मी-पापा साथ में झालर और होलिका दहन के लिए एक बोरी में रखकर गोबर के कंडे भी लेकर आए थे।

नए घर के बाहर भी साफ-सफाई करवा दी गई थी। यात्रा की थकान दूर होने के बाद मम्मी ने रंगोली बनाई। लकड़ियां इकट्ठा की गईं। पापा ने कंडे लगाकर होलिका सजा दी फिर पापा-मम्मी गुझिया लेने अंदर चले गए।

सार्थक अकेले ही अपनी पिचकारी हाथ में लिए उछल-उछल गाने लगा, 'होली आई, होली आई। हम मस्तों की टोली आई। पचक लगी, पच कंडा दे। होली आई, होली आई...।'

तभी उसे सामने से एक हमउम्र बच्चा आता दिखा। उसने हाथ जोड़कर सार्थक से कहा, 'वणक्कम।'

सार्थक उसकी भाषा तो नहीं समझा, लेकिन उसने भी नमस्ते कहते हुए हाथ जोड़ लिए।

उस बच्चे ने पूछा, 'एन्न पन्नुरिंगा?'

सार्थक फिर कुछ नहीं समझा। उसे चुप देख वह बच्चा बोला, 'एन्नाचु?'

सार्थक फिर चुप।

अब उसने जोर से आवाज लगाई, 'अप्पा! अक्का! नींगल वारंगल...।'

तुरंत ही पास के मकान से उस बच्चे के पापा और बड़ी बहन बाहर आ गए। इधर शोर सुन सार्थक के मम्मी-पापा भी आ गए। उन सभी का आपस में परिचय हुआ। उस बच्चे का नाम था शेखरन और उसकी बड़ी बहन थी राम्या। शेखरन के पापा हिंदी बोल लेते थे, लेकिन उनकी हिंदी मजेदार लगी। उन्होंने पूछा, 'आप लोग कब आईं? यह क्या कर रही हैं?'

पापा ने जब उन्हें होली के बारे में बताया तो वे बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा, 'फिर तो हमारा पोंगल का त्योहार भी थोड़ा वैसा। बस, हम रंग नहीं खेलते।'

पोंगल का नाम सुनकर सार्थक को अपनी टेक्स्ट बुक में पढ़ा हुआ पाठ याद आ गया। घरों को रंगा जाता है। पुराने सामान हटाए जाते हैं। होली की तरह ही फसल कटाई का उत्सव मनता है। पारंपरिक पकवान बनते हैं। सब नाचते-गाते हैं। आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ते हैं।

पापा उनसे बोले, 'आपके राज्य में तो वैसे भी कितने सारे रंग बिखरे पड़े हैं। मैंने चेन्नई का मरीना बीच देखा है। वहां तो रोज ही सुबह-शाम को होली जैसा नजारा होता है।

समुद्र का नीला पानी। दमकती सुनहरी रेत। ताड़ के हरे पेड़। लाल रंग का सूरज और रंग-बिरंगे कपड़े पहने घूमते ढेर सारे लोग।'

शेखरन के पापा जब कुछ बोलते तो राम्या के सिर पर हाथ फेरने लगते। इस बार तो राम्या के सिर पर लगा फूलों वाला गजरा ही खुलने लगा। वह पीछे हट गई। सब हंसने लगे।

उन्होंने बताया, 'वैसे यहां भी हम होली मनाते। उसे काम-दहनम बोलते। पर उसका तरीका थोड़ा डिफरेंट है। हां, कुछ बातें एक जैसी हैं। जैसे गोबर के गोले तो हम भी जलाते हैं।' उन्होंने होली के कंडों की ओर इशारा करते हुए कहा।

सार्थक बड़े गौर से शेखरन-राम्या के पापा की बातें सुन रहा था। उसे उनकी हिंदी बहुत मजेदार लगी। वह सोच रहा था कि अगर वह स्कूल में ऐसे बोले या लिखे तो मैडम कितनी डांट लगाएंगी। एग्जाम में तो नंबर ही कट जाएंगे।

तभी शेखरन ने सार्थक की पिचकारी को छूकर कहा, 'अप्पा, इद एन्नके बेनू' तो उसके पापा ने मना करने के अंदाज में उसे समझाया, 'इल्ले।'

मम्मी को समझते देर न लगी कि शेखरन पिचकारी मांग रहा है। वह जल्दी से अंदर जाकर पिचकारी ले आईं। सार्थक से कहा, 'यह अपने नए दोस्त को गिफ्ट करो।'

पिचकारी पाकर शेखरन 'नंद्री' कहते हुए मुस्कुराया। जैसे धन्यवाद दे रहा हो फिर सार्थक से बोला, 'नी पाडू।'

उसके पापा हंसे। बोले, 'यह कह रहा है, तुम गाओ।'

सार्थक को याद आया कि जब वह पिचकारी लिए गा रहा था, उसी वक्त तो शेखरन वहां आया था।

सार्थक गाने लगा। शेखरन भी उछलते हुए उसकी पंक्तियों को दोहराने लगा। अब तो वहां ढेर सारे लोग इकट्ठे हो गए।

शेखरन के पापा ने सार्थक के सिर पर हाथ रखते हुए कहा, 'तुम शेखरन को हिंदी सीखा देना। यह तुमको तमिल सीखाएगी।'

सार्थक ने हंसते हुए शेखरन को गले से लगा लिया।

मम्मी भी हंसीं, 'वाह! यह तो होली मिलन भी हो गया।'

वहां मौजूद सारे लोग जोर से तालियां बजाते हुए बोले, 'होली वालतुक्कल.. ! होली वालतुक्कल.. !'

उनकी भाषा भले ही समझ में न आ रही हो, लेकिन भावों से साफ जाहिर था कि वे कह रहे हैं, 'होली मुबारक..! होली मुबारक..!' *

बूझो तो जानें
गौरीशंकर वैश्य विनम्र

1. रंग-मिलन का प्रिय त्योहार।
फागुन में आता हर बार।
लोग अबीर-गुलाल लगाते।
बोलो! कौन-सा पर्व मनाते?

2. होली आते ही कर देते
रंग खेलने की तैयारी।
किसमें भरकर रंग छोड़ते
जो सबको लगती है प्यारी?

3. भक्त प्रह्लाद को गोदी लेकर ,
जला देने की युक्ति रची थी।
भक्त प्रह्लाद बचे जलने से,
बुआ कौन, जो नहीं बची थी?

4. पिता प्रह्लाद का हिरण्यकश्यप
उसने पुत्र को बहुत सताया।
ज्योंही मार डालना चाहा
किसने आकर शीघ्र बचाया?

5. मौसम मनभावन हो जाता
ऋतुओं का राजा है कौन?
इस ऋतु में ही होली आती
नाम बताओ, रहो न मौन?

उत्तर : 1.होली 2.प्रह्लाद 3. होलिका 4. नृसिंह भगवान 5. वसंत

जीके क्विज- 144

1. टाइम मैगजीन ने 'वूमेन ऑफ द ईयर-2025' की लिस्ट में किस भारतीय महिला को शामिल किया है?
2. 71वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप की विजेता टीम का नाम क्या है?
3. अभी हाल ही में भारत के किस राज्य में महाकुंभ का समापन हुआ?
4. छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल का नाम क्या है?
5. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कब मनाया जाता है?
6. ब्रिटिश राज में भारत का प्रथम वायसराय किसे नियुक्त किया गया था?
7. किस भारतीय समाज सुधारक ने ब्रह्म समाज की स्थापना की थी?
8. वन संरक्षण से संबंधित 'चिपको आंदोलन' का नेतृत्व किसने किया था?
9. किस ग्रह को 'भोर का तारा' भी कहा जाता है?
10. रेडियो का आविष्कार किस साइंटिस्ट ने किया था?

बच्चों, जीके क्विज-144 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-143 का उत्तर: 1.रमन इफेक्ट, 2.जगदीश चंद्र बसु, 3.होमी जहांगीर भाभा, 4.डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, 5.बेंगलुरु, 6.महाराजा जयसिंह द्वितीय, 7.ज्ञानेश कुमार, 8.एन चंद्रशेखरन, 9.चितरंजन दास, 10.स्वामी दयानंद सरस्वती

जीके क्विज-143 का सही उत्तर देने वाले: रुशील-खैरागढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, रमेश-कोरबा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, रोहित-बिलासपुर, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, दिव्या-बालोद

रंग भरो-170

रंग भरो-170 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

डॉली, दुर्ग

वेदिका, बालोद

गणिका, झज्जर

रिद्धि-भिवानी

अर्पिता-दुर्ग

जिया-कोंडागांव

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

खुशबू-दुर्ग, रितिका-जांजगीर, दिव्या-रायपुर, पूजा-बलौदा बाजार, अंजू-बिलासपुर, मुकेश-भोपाल, विनय-रायपुर, मोनिका-दुर्ग, खुशी-बालोद, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, गोविंद-रायपुर, संजय-अंबिकापुर, कल्पना-राजनांदगांव, शुभम-बालोद

रंग भरो 171

बच्चों, यहां होली खेलते हुए बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप

एमडीयू में 8 को मनाया जाएगा महिला दिवस

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का महिला अध्ययन केन्द्र 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाएगा। महिला अध्ययन केन्द्र की निदेशिका प्रो. शालिनी सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागी विद्यार्थी 7 मार्च तक अपने पोस्टर स्वराज सदन स्थित महिला अध्ययन केन्द्र में दोपहर 12 बजे तक जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सेलीब्रेटिंग शी पावर मेन थीम रहेगा तथा वुमेन्स राइट्स एंड रिस्पांसबिलिटीज , वूमेन इन लीडरशिप, जेंडर-बेस्ड डिसक्रिमिनेशन एंड वायलेंस, जेंडर डाइवर्सिटी, वूमेन्स होलिस्टिक वेलनेस व ग्लास सीलिंगः ब्रेकिंग द बैरियर्स सब-थीम रहेंगे।

श्री श्याम मित्र मंडल की निशान पद यात्रा 9 को

महम। श्री श्याम मित्र मंडल महम द्वारा 9 मार्च को छठी निशान पद यात्रा आयोजित की जाएगी। दिन सुबह पांच बजे पद यात्रा महम के पंचायती रामलीला ग्राउंड से शुरू होगी और बहु अकबरपुर में जलेबी चौक स्थित श्री श्याम मंदिर में यात्रा का समापन किया जाएगा। मंडल प्रधान सचिन गोयल ने बताया कि महंत सतीश ज्योत प्रज्वलित करेंगे।

शहीदों की याद में शहीद स्मारक का निर्माण

रोहतक। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा देश की आजादी की प्रथम लड़ाई में शामिल और शहीद हुए क्रांतिकारियों एवं वीर जवानों की बहादुरी तथा शहादत को नमन करने के लिए अम्बाला कैंट के नजदीक अम्बाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर 22 एकड़ भूमि में भव्य शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। इस शहीद स्मारक के लिए प्रतीक चिन्ह करने के इच्छुक व्यक्ति, डिजाईनर, कलाकार एवं आमजन से आगामी एक अप्रैल 2025 सायं-5 बजे तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। चयनित प्रतीक चिन्ह डिजाइन करने वाले व्यक्ति को सूचना, जन सम्पर्क भाषा तथा सांस्कृतिक विभाग की ओर से एक लाख रूपए का ईनाम दिया जाएगा।

सरकार ने दिव्यांग पेंशन के लिए 21 गंभीर बीमारियों को शामिल करने का लिया फैसला

60 फीसदी प्रमाण पत्र के आधार पर बनवाई जा सकती है पेंशन

दिव्यांगता प्रमाण-पत्र को परिवार पहचान पत्र में करवाना होता है अपडेट, एडीसी ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। शिविर में समस्याएं सुनते हुए अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 21 गंभीर बिमारियों से पीड़ित पात्र लोगों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है। इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस सभागार में समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने समाधान शिविर में सांघी निवासी हरिओम की दिव्यांग पेंशन से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए शिकायतकत्र्ता की दिव्यांगता 70 प्रतिशत है इसलिए उनकी दिव्यांग पेंशन बनवाई जाएं। इन बीमारियों से संबंधित पात्र व्यक्तियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान किया जाता है। दिव्यांग पेंशन का लाभ लेने के लिए सिविल सर्जन कार्यालय से 60 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होता है। इस दिव्यांगता प्रमाण-पत्र को परिवार पहचान पत्र में अपडेट करवाकर दिव्यांग पेंशन बनवाई जा सकती है। अतिरिक्त उपायुक्त ने निंदाना निवासी की खेतों की सिंचाई के लिए खाल की सुविधा उपलब्ध करवाने संबंधी शिकायत की सुनवाई करते हुए राजस्व व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रोपर्टी आईडी में शुद्धिकरण से संबंधी शिकायत के निपटारे के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय तिलक नगर में लम्बित इंतकाल दर्ज करवाने से संबंधित शिकायत के संदर्भ में राजस्व विभाग के अधिकारियों को शीघ्र इंतकाल दर्ज करने के आदेश दिए। उन्होंने परिवार पहचान पत्र में दर्ज वार्षिक आय को कम करने से संबंधी शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा परिवार की वार्षिक आय की वेरिफिकेशन करवाई जाएगी। उन्होंने समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निपटारे की समीक्षा करते हुए सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग व अन्य अधिकारियों को लम्बित शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए।

इन बीमारियों को किया शामिल

उन्होंने इसी संदर्भ में कहा कि सरकार द्वारा गत 3 मार्च 2025 को दिव्यांग पेंशन के लिए 21 बीमारियों को शामिल किया हैं। इनमें चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग, कुष्ठ रोग, मस्तिष्क पक्षाघात, मांसपेशीय दुर्विकास, अंधापन, कम दृष्टि, श्रवण दोष, वाणी और भाषा दिव्यांगता, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार, मानसिक बीमारी, दीर्घकालिक तंत्रिका संबंधी बीमारी, मल्टीपल स्कलेरोसिस, पार्किंसंस रोग, सिकल सेल रोग, बहु विकलांगता, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, एसिड अटैक पीड़ित एवं बौना आदि विकार शामिल हैं।

समाधान शिविर में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राजेश भारद्वाज, काडा के कार्यकारी अभियंता अंशुल कादयान, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविन्द्र नैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी महावीर गोदारा, जिला कल्याण अधिकारी रेणु सिसौदिया, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिन्द्र सिंह, जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह सहित अन्य विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

महम। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते नपा सचिव नवीन नांदल और उपप्रधान बसंत लाल गिरधर। फोटो : हरिभूमि

महम के शिविर में 105 लोगों ने किया रक्तदान

- नगर पालिका के पूर्व प्रधान स्व. अनिल दुआ के 59 वें जन्म दिवस पर लगा रक्तदान कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

नगर पालिका के पूर्व प्रधान स्व. अनिल दुआ के 59 वें जन्म दिवस पर उनकी स्मृति में नगर पालिका कार्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में 105 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान हवन यज्ञ और पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अनिल दुआ मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष भीष्म दुआ ने बताया की ट्रस्ट की ओर से हर वर्ष 5 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर नगर पालिका सचिव नवीन नांदल, नगर पालिका प्रधान भारती पवार, उप प्रधान बसंत लाल गिरधर, पूर्व नपा प्रधान फतेह सिंह, बार एसोसिएशन प्रधान प्रदीप ढाका, पूर्व नगर पालिका प्रधान जगबीर बहमनी, पार्षद मोनू जांगड़ा, विनोद गोयल, जय नारायण दहिया, विजय चाबा, बॉबी अग्रवाल, लीलू, विकास श्योराण, संजय शर्मा, पूर्व पार्षद सोमनाथ बजाज, कृष्ण नेहरा, जोगिंदर खुराना, साधु बाबा, धर्मपाल मेहता, इंद्र बजाज, मनीष खुराना ,नवीन उप्पल, प्रवीण दुरेजा,नरेश चेयरमैन, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष जगत सिंह काला, राजू ढींगरा, मोती दुआ, कालू रेल्हन, जोगिंदर गिरोत्रा, डॉक्टर रमेश रल्हन, मदन गिरोत्रा, जोगिंद्र रल्हन, अधिवक्ता कर्मवीर सिंह, रणधीर सिंह व विजय शर्मा आदि मौजूद थे।

खान-पान के लिए जाना जाता है प्रदेश फिर भी यह हाल

हरियाणा में 61 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ितः डॉ. ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

निःसंदेह महिला अस्वस्थ होती है, तो इसका दुष्प्रभाव उसके संतान एवं परिवार पर पड़ता है। महिला अस्वस्थता अक्सर गरीबी, अज्ञानता, जागरूकता का अभाव और चिकित्सकीय सुविधा के अभाव में होता है। महिला को ही समाज तथा परिवार का आधार कहा जाता है, यदि महिलाएं ही अस्वस्थ है, तो एक उज्जवल और निरोगी समाज की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। अतः महिला विकास के लिए यह एक अनिवार्य घटक है। आजादी के बाद से ही सरकार के समक्ष महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार एक महत्वपूर्ण चुनौती रहा है। यह विचार बृहस्पतिवार को गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के दूसरे दिन गुरु जंबेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक डॉ. ललित शर्मा ने कहे। उन्होंने कैंप में बतौर मुख्यवक्ता शिरकत की। हरियाणा में महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति पर अपने विचार रखते हुए बताया कि एनएफएचएस-5 के सर्वे के अनुसार 61 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। एनीमिया मामलों में देशभर में हरियाणा 11वें स्थान पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्वयंसेवकों को समाजिक सरोकार के लिए प्रेरित किया। सायंकालीन सत्र में डॉ. गजराज कौशिक ने कहा कि दिन भर में भरपूर पानी पीने से शरीर हाइड्रेटेड रहता है और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है।

64 शिक्षकों ने हासिल की जानकारी

जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल के अध्यापकों ने लर्निंग आउटकम्स एंड पेडागॉजी का लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अनुभव साझा किए

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद, शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि उन्हें अपने शिक्षण कौशल में सुधार करने में मदद मिली। उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया।

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में वीरवार को सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय अध्यापक व रोहतक के विभिन्न स्कूलों से रजिस्टर हुए 64 शिक्षकों ने विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु हिस्सा लिया। दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के उपरांत ट्रेनिंग की शुरुआत हुई। इस ट्रेनिंग में सीबीएसई से आए शिक्षाविद् डॉ राज सांगवान तथा मिस्टर विजय बंसल ने अध्यापकों को अधिगम प्रतिफल शिक्षण प्रक्रिया और आंकलन के कई गुरूमंत्र दिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में, शिक्षकों ने नवीन शिक्षण विधियों, तकनीकी कौशल, और मूल्यांकन के तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अध्यापकों द्वारा प्रयोग किए जा रहे शैक्षिक तकनीकों को मूल्यांकित किया तथा लर्निंग को रोचक व प्रयोजन पूर्ण बनाने,छात्रों को उद्देश्य प्राप्ति हेतु प्रेरित करना व सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करने से संबंधित कई क्रियाकलाप सिखाए जैसे ग्रुप एक्टिविटी,एकल एक्टिविटी , पेयर एक्टिविटी का उपयोग करके शिक्षण प्रणाली को और बेहतर बनाना सिखाया। इसके अतिरिक्त रुब्रिक एंड मार्किंग स्कीम्स के गुर सिखाएं।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को अपने अध्यापन कौशल में सुधार करने और अपने छात्रों के साथ बेहतर संवाद करने में मदद करना था। अध्यापक वर्ग ने इस ट्रेनिंग में हुए सभी रोचक क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दी गई सभी वर्कशीट को हल किया। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, इस ट्रेनिंग ने हमें अपनी शिक्षण पद्धतियों को नए सिरे से विचार करने और छात्रों के लिए अधिक प्रभावी और आकर्षक शिक्षण वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या मशेंका, विन्नी, रितु,ज्योति, हर्ष किरण, सीमा, रेखा, रूचि, सुमन,रोहित,राहुल आदि सभी अपने डिपार्टमेंट सदस्यों के साथ मौजूद रहे।

रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्या इंदु सपरा,प्रोफेसर व विद्यार्थी।

लीगल अवेयरनेस विषय पर किया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में प्राचार्या इंदु सपरा के कुशल नेतृत्व में लीगल सेल द्वारा लीगल अवेयरनेस तथा करियर ऑपच्युरुनिटी विषय पर व्याख्यान किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि इस व्याख्यान के उद्देश्य छात्राओं में कानूनी जागृति लाना था। सरकार ने इस उद्देश्य के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार ने छात्राओं को जीवन में आने वाली चुनौतियां एवं उसके समाधान के बारे में छात्राओं को अवगत कराया गया। कौटिल्य लां संस्थान के डायरेक्टर वरुण खत्री ने कानूनी पहलुओं की जानकारी साझा की। डॉ. राकेश राजपूत ने आईएएस की तैयारी के बारे में छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

पीजीआई में ओरल हेल्थ माह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज ने 20 फरवरी 2025 से विश्व ओरल हेल्थ माह 2025 का आयोजन किया है, जो मार्च के अंत तक चलेगा। इस वर्ष की थीम एक खुशहाल मुंह है... एक खुशहाल दिमाग है, जो मौखिक स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण के बीच संबंध पर प्रकाश डालती है। इस अभियान के दौरान, विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों का आयोजन किया गया, जिसमें दंत चिकित्सकों, छात्रों, स्कूल शिक्षकों और आम जनता को बेहतर मौखिक स्वच्छता और दंत चिकित्सा देखभाल तक पहुंच को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में शामिल किया गया। पब्लिक हैल्थ डेंटिसटरी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजूनाथ ने बताया कि अभी तक ये कार्यक्रम आयोजित किए गए। पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग, पीजीआईडीएस, रोहतक ने डॉ. मंजुनाथ बीसी डॉ. आदर्श कुमार, डॉ. विपुल यादव, डॉ. भावना के मार्गदर्शन में स्कूलों में रोकथाम दंत शिविर आयोजित करके मौखिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इन शिविरों ने बच्चों में मौखिक स्वास्थ्य समस्याओं का जल्द पता लगाने और रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे भविष्य में जटिलताओं को कम करने में मदद मिली है। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों के लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए गए हैं, जिससे वे अपने दैनिक दिनचर्या में छात्रों के बीच सकारात्मक दंत आदतों को मजबूत कर सकें। शिक्षकों को आदर्श मानकर उन्हें मौखिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिससे बच्चे इन आदतों को अपनाएं और बनाए रखें। डॉक्टरों ने शिक्षकों को छात्रों में हानिकारक आदतों जैसे कि अत्यधिक चीनी का सेवन और तंबाकू का उपयोग रोकने के तरीके भी बताए हैं। डॉ. आदर्श ने बताया कि इन पहलों का उद्देश्य अच्छी मौखिक स्वच्छता आदतों को मजबूत करना, रोकथाम दंत चिकित्सा को समाज के सबसे कमजोर वर्गों तक पहुंचाना और विश्व मौखिक के बारे में आमजन के बीच अधिक से अधिक जागरूकता फैलाना है।

एक खुशहाल मुंह है, एक खुशहाल दिमाग थीम के तहत सैकड़ों मरीजों के दांतों का किया उपचार

रोहतक। दंत की जानकारी देते डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

मजबूत दांत अच्छा स्वास्थ्य

डॉ. मंजूनाथ ने बताया कि पीजीआईडीएस, रोहतक, का उद्देश्य बचपन से ही रोकथाम दंत चिकित्सा की मजबूत नींव स्थापित करके कम दंत समस्याओं के साथ स्वस्थ वयस्कता सुनिश्चित करना है। स्कूलों, स्वास्थ्य पेशेवरों और माता-पिता के संयुक्त प्रयासों के साथ, ये पहल सार्वजनिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण पर स्थायी प्रभाव डाल रही हैं।

केवीएम निदेशक कर्मवीर मायना के घर शोक जताने पहुंची कांग्रेस नेता शैलजा

रोहतक। वीरवार को केवीएम शिक्षण संस्थान रोहतक के निदेशक व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कर्मवीर मायना के बड़े भाई चौधरी धर्मवीर मायना के निधन होने के उपरांत हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व सांसद कुमारी शैलजा उनके निवास स्थान शिवाजी कॉलोनी पर शोक जताने के लिए पहुंची। उन्होंने मायना परिवार से मिलकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी व धर्मवीर मायना की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ राजू मान, पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा, रघबीर सिंह भूपेंद्र भूपि प्रवक्ता किसान कांग्रेस हरियाणा प्रदेश, विरेन्द्र जागलान युवा प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस, कृष्ण सातरोड अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य विशाल चौधरी, रणबीर आर्य प्रधान महर्षि दयानंद सरस्वती योग समिति, स्वामी गोविंद करतार, श्रीश्री 1008श्रीमद जगद्गुरु नितिन गिरी महाराज आदि रहे।

सैनी कॉलेज के खिलाड़ियों ने जूनियर नेशनल नेटबाल में जीता गोल्ड

भिवानी में आयोजित हुआ नेट बॉल टूर्नामैंट

विजेता खिलाड़ियों के कॉलेज पहुंचने पर जोरदार स्वागत प्राचार्य ने शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गत 22 फरवरी से 2 मार्च तक कलिंगा भिवानी में आयोजित जूनियर नेशनल नेट बॉल टूर्नामैंट में सैनी कॉलेज की रक्षिका (बीए प्रथम वर्ष), आयुष (बीए प्रथम वर्ष) और अंकित (बीए प्रथम वर्ष) स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे। यह टूर्नामेंट हरियाणा नेटबाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया। इस टूर्नामैंट में रक्षिका (फास्ट फाइव व ट्रेडिशनल नेटबाल) नेटबाल महिला वर्ग में और आयुष (ट्रेडिशनल नेटबाल) व अंकित (फास्ट फाइव व ट्रेडिशनल नेटबाल) ने नेटबाल के पुरूष वर्ग में विजेता होने वाली टीम में प्रशंसनीय भूमिका निभाई है। खिलाड़ियों के कॉलेज पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर भीम सिंह पंवार ने स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों के कॉलेज पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

दिया आशीर्वाद

सैनी कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के उपप्रधान देवेन्द्र सैनी, महासचिव प्रदीप सैनी और कोषाध्यक्ष प्रवीन सैनी ने भी खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर भीम सिंह पंवार ने खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई करते हुए बताया कि किसी कॉलेज के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर इस प्राकर का प्रदर्शन करते है तो उनका कॉलेज का प्रशासन ही नहीं अपितु हर विद्यार्थी खुद को गौरान्वित महसूस करता है। इससे आगे प्राचार्य ने बताया कि हमारे कॉलेज के इन खिलाड़ियों ने नेटबाल में ही नहीं अपितु नेटबाल के दो और प्रारूप (ट्रेडिशनल और फास्ट फाइव) में भी महिला और पुरूष वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया और इन पदकों को हासिल करने में खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है और इस मेहनत के पीछे हमारे कॉलेज के शारीरिक शिक्षा के असिस्टेंट प्रोफेसर नवीन सैनी की मेहनत को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है।

एमडीयू में समावेशी ढांचा तैयार करने बारे मंथन किया

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में आरसीआई (भारतीय पुनर्वास परिषद) द्वारा प्रदान किए गए करिकुलम फ्रेमवर्क के तहत बी.एड. (स्पेशल) और एम.एड. (स्पेशल) के लिए पाठ्यक्रम डिजाइन और विकसित करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। शिक्षा विभाग की अध्यक्षा डॉ. नीरू राठी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षकों, शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों ने एक साथ मिलकर समकालीन सीखने की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक गतिशील और समावेशी ढांचा तैयार करने बारे गहन विचार-मंथन किया गया।इस कार्यशाला में प्रो. जितेंद्र कुमार, डॉ. माधुरी हुड्डा, डॉ. उमेंद्र मलिक, डॉ. वनिता रोज, सिद्धार्थ कुमार, एमआर डीएवी, रोहतक, डॉ. मनदीप, एमआर डीएवी, रोहतक, डॉ. सत्यनारायण, आदि रहे।

MDS
M.D.S. PUBLIC SCHOOL MADINA ROHTAK
Public School, Madina (Rohtak)
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL AFFILIATED TO CBSE (531600)
REQUIRED
English fluent, innovative & enthusiastic teachers who are versed according to the norms of CBSE
The positions we have available are:
PGT :- English, Biology, History, Geography, Political Science, Physical Education, Music
TGT:- English, Spoken English - 1, Maths, Science, G.K. and Reasoning, French, Skt
PRT:- Maths, Information Technology, GK,
Typist, Activity Teacher, Dance Teacher (Female Preferred)
Office Assistant for Technical Work (MIS, CBSE, ETC.), Accountant - Must have computer knowledge (Female Preferred)
Salary No Bar for deserving candidates
Interested candidates may walk in for interview on (March 8, 2025), Saturday or any working day between 10:00 a.m. to 1:30 p.m.
Transport facility available from Rohtak (for Staff Members)
Bring hardcopy of CV along with you.
7419407800, 90688 40661
Mdsstaff123@gmail.com
Near Toll Plaza NH - 9 Madina

नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में हुआ कार्यक्रम

सरपंच कश्मीरी कलसन ने किया सशक्त महिला पंचायत कार्यक्रम में जिला का प्रतिनिधित्व

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

विकास एवं पंचायत मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 4 से 5 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सशक्त पंचायत कार्यक्रम में जिला की महिला सरपंचों की तरफ से गांव लाहली की सरपंच कश्मीरी देवी कार्यक्रम में शामिल हुई और जिला का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने देशभर की महिला सरपंचों को संबोधित किया। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास एवं पंचायत मंत्रालय द्वारा 4 से 5 मार्च तक नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सरपंचों को प्रोत्साहित करना था ताकि वे और अधिक उत्साह और हौसले के साथ गांवों में विकास कार्य और ग्राम पंचायतों का कार्य निपटा सकें। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में महिला सरपंचों को गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक उत्थान, कन्या भ्रूण हत्या नहीं होने देने के साथ नई योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में महिला सरपंचों को किया गया स्वयं कार्य करने और महिला उत्थान के लिए प्रेरित

घर-घर जाकर किया जाएगा जागरूक

कश्मीरी देवी

कार्यक्रम में बताया कि महिला सरपंच गांवों में घर-घर जाकर महिलाओं को स्वच्छता, कन्या भ्रूण हत्या नहीं होने देने और गांव के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के बारे में जागरूक करें। उन्होंने बताया कि कलानौर खंड के बीडीपीओ ने जब उनको इस कार्यक्रम में शामिल होने की सूचना दी तो उन्होंने अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने बताया कि वे ग्राम पंचायत का कार्य स्वयं संभाल रहीं हैं। गांव का अधिक से अधिक विकास करवाना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का उनको बहुत अधिक लाभ मिलेगा।

24 राज्यों से महिला सरपंच शामिल

वहीं दूसरी ओर जिला से नई दिल्ली कार्यक्रम में जिला का प्रतिनिधित्व करने वाली गांव लाहली की कश्मीरी कलसन ने बताया कार्यक्रम बहुत ही कारगर रहा है। देशभर 24 राज्यों की महिला सरपंच इस कार्यक्रम में शामिल हुई, जिन्होंने ग्रामीण विकास में अपनी अधिक से अधिक भूमिका अदा करने को लेकर आपस में अपने विचार सांझा किए। कार्यशाला में महिला सरपंचों को बताया गया कि अपने पति की बजाय वे स्वयं पंचायत का कार्य संभालें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यही चाहते हैं कि सबसे पहले महिला सरपंचों का सशक्त होना जरूरी है ताकि वे गांवों का काम संभालने के साथ-साथ गांव की अन्य महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक कर सकें। उन्होंने बताया कि महिलाओं के सशक्त होने से ही गांवों का समग्र विकास और उत्थान होगा।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

सांपला। सर छोटू राम पॉलिटेक्निकल कॉलेज में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्राइवेट कंपनी के मैनेजर योगेश कौशिक रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार अभ्यास करने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया। जिसमें 10 ओवर केस मैच में फाइनल मुकाबला केमिकल व मैकेनिकल डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों में हुआ। जिसको केमिकल की टीम ने 77 रनों से मैच अपने नाम किया। मैकेनिकल की टीम एक के बाद एक लौटती चली गई और 50 रन का भी आंकड़ा नहीं छुपाई। केमिकल डिपार्टमेंट की टीम ने चौकी और छक्कों के साथ विरोधी टीम के सामने 116 रन का लक्ष्य रखा। विजेता टीम को प्राचार्य डॉक्टर गीता गुलिया ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हार जीत दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू होते हैं हार के आगे जीत होती है। हमें हारने के बाद निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि और मेहनत कर आगे बढ़ना चाहिए। सभी टीमों के खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य में मेहनत कर खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्रिकेट के कोच व अन्य स्टाफ भी शामिल रहा।

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में रैली निकाली

रोहतक। रैली निकालते हुए प्रोफेसर व विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित महिला सप्ताह की कड़ी में आज चतुर्थ दिवस पर महाविधायलय में "महिला सशक्तिकरण ,सुरक्षा एवं स्वास्थ्य "विषय पर छात्र छात्राओं की मैराथन दौड़ एव रैली निकाली गई। मैराथन दौड़ एवं रैली का शुभारंभ राष्ट्रपति अवार्डी डॉ लोकेश बल्हारा द्वारा छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए करवाया गया। छात्राओं की रैली कॉलेज परिसर से शुरू होती हुई मुख्य द्वार से तिकोना पार्क मॉडल टाउन से वापिस अपने महाविद्यालय पहुंची। छात्राओं ने रैली के माध्यम से अपने जोशीले नारों के साथ समाज की बेटियों,महिलाओं को जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज ,समाज की महिलाओं को सशक्त बनाना था।

इस कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेणु राणा ने किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्य और और वरिष्ठ प्राध्यापक प्राचार्य अनिल ग्रोवर, डॉ अनिल खटकड़, सुरेन्द्र सांगवान, सुशील मौजूद रहे ।

संबोधि दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

रोहतक। समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के संबोधि दिवस यानि समर्थगुरु धारा दिवस पर केरल, पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़, गुजरात आदि राज्यों के साधकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। समर्थगुरु मैत्री संघ रोहतक समेत देश-विदेश से 700 से ज़्यादा साधक ऑनलाइन जुड़े। कार्यक्रम के अंत में समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने साधकों को अनंत शुभकामनाएं दीं और कहा कि आपके अंदर का संबोधि कमल यथाशीघ्र खिले और उसकी सुरभि चारों दिशाओं में फैल जाए।" उन्होंने आगे कहा कि आज, 5 मार्च 1997 के दिन, उन्हें संबोधि की प्राप्ति हुई थी। संबोधि पाकर उन्होंने परमगुरु ओशो की देशना को तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

बाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय मेले का पहला दिन संपन्न

गद्दीनसीन महंत बालक नाथ योगी ने आरती संपन्न कर की मेले की शुरुआत

भक्ति, सेवा और अध्यात्म के महासंगम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, जन संध्या में उपायुक्त ने की शिरकत

- पहले दिन नागा साधुओं ने भी भाग लिया
- भजन की मधुर धुनों पर झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति में वीरवार से आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक मेले का शुभारंभ अस्थल बोहर स्थित बाबा मस्तनाथ मठ में अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर देशभर से हजारों श्रद्धालु, संत- महंत, गणमान्य व्यक्ति और प्रशासनिक अधिकारी मठ पहुंचे, जहां पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। पहले दिन मेला में नागा साधुओं ने भी भाग लिया। श्रद्धालुओं ने बालक नाथ योगी को भी नमन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। सायः 7 बजे से आयोजित भव्य भजन संध्या में श्रद्धालु पूरी तरह भक्ति में लीन हो गए। भजन संध्या में विशेष रूप से उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने शिरकत की और भक्तों के साथ आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लिया। भजन की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया।



रोहतक। श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते बाबा मस्तनाथ मठ के महंत बालक नाथ योगी

रोहतक। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा को सम्मानित करते बाबा मस्तनाथ मठ के महंत बालक नाथ योगी।

संत-महंतों ने प्रवचन सत्र का किया आयोजन

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। लम्बी कतारों में खड़े भक्त बाबा मस्तनाथ जी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उत्सुक नजर आए। श्रद्धालुओं ने उनकी प्रतिमा के समक्ष सिर झुकाकर सुख-समृद्धि की कामना की। नाथ संप्रदाय के संत-महंतों द्वारा प्रवचन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें बाबा मस्तनाथ के जीवन, उनके सिद्धांतों और आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डाला गया। संतों ने बताया कि बाबा मस्तनाथ जी एक महान योगी और सिद्ध पुरुष थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव सेवा, भक्ति और अध्यात्म को समर्पित किया। उनके विचारों को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और कई भक्तों की आंखें भक्ति भाव से नम हो गईं। मठ परिसर में लगे विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा मस्तनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया और इस सेवा कार्य के लिए मठ प्रशासन की सराहना की। यह तीन दिवसीय भव्य मेला 8 मार्च तक जारी रहेगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

श्रद्धालुओं ने वातावरण किया ओत-प्रोत

यह भजन संध्या न केवल आध्यात्मिक उत्साह से भरपूर रही, बल्कि इसमें प्रशासनिक और राजनीतिक जगत की महत्वपूर्ण हस्तियों की उपस्थिति ने भी आयोजन को और विशेष बना दिया। संतों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत कर दिया। मठ को भव्य रोशनी से सजाया गया था, जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा और अधिक प्रखर हो गई। भजन संध्या के दौरान गूंजते भजनों, मंत्रों और श्रद्धालुओं के उत्साह ने माहौल को अत्यंत भक्तिमय बना दिया।

मठ में बाबा मस्तनाथ के लगे जयकारे

मेले का शुभारंभ प्रातः 4 बजे मठ के प्रमुख संतों और श्रद्धालुओं ने बाबा मस्तनाथ के समाधि स्थल पर विशेष पूजा-अर्चना कर किया। श्रद्धालुओं ने गगनभेदी जय बाबा मस्तनाथ के जयकारों के साथ अपनी भक्ति भावना प्रकट की। इसके पश्चात मठ के गद्दीनशीन महंत बालक नाथ योगी ने विधिवत आरती संपन्न कर मेले की शुरुआत की। महंत बालक नाथ ने सर्वप्रथम गौशाला में जाकर गौसेवा की और उपस्थित श्रद्धालुओं को गौमाता की महिमा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गाय की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है, क्योंकि यह समस्त देवताओं का वास स्थल है। इस दौरान भक्तों ने भी श्रद्धापूर्वक गौमाता को चारा खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

102 स्वयंसेवकों व आश्रम के 49 बच्चों ने लिया हिस्सा

एनएसएस स्वयं सेवकों ने लखीराम आश्रम और दयानंद मठ का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना सेल तथा यूटीडी की चारों एनएसएस यूनिट्स ने वीरवार को चौधरी लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम, दयानंद मठ गोहाना रोड, रोहतक का दौरा किया। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजू पंवार, डॉ. जितेंद्र राठी, डॉ. गुरदयाल सिंह और डॉ. एकता रानी की देखरेख में विविध गतिविधियां संपन्न हुईं। इस कार्यक्रम में 102 एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, वहीं आश्रम के 49 बच्चे भी इसमें शामिल हुए। प्रो. सविता राठी ने बताया कि स्वयंसेवकों ने आश्रम के बच्चों के साथ घनिष्ठ संवाद स्थापित किया और उनके साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। प्रत्येक एनएसएस स्वयंसेवक को एक आश्रम के बच्चे के साथ जोड़ा गया।

भारतीय सांकेतिक भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज (सीडीएस) में वीरवार को डीआईएसएल और डीटीआईएसएल पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए- आईएसएल का परिचय और सांकेतिक भाषा विज्ञान विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। सीडीएस इंचार्ज प्रो. प्रतिमा देवी ने प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए भारतीय सांकेतिक भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने भाषाई और शैक्षिक अनुसंधान में भारतीय सांकेतिक भाषा के महत्व पर बल दिया। गुरुग्राम की आईएसएल शिक्षिका शीतल कुमार बतौर रिसोर्स पर्सन यह व्याख्यान दो संवादात्मक सत्रों में दिया। इन सत्रों में विद्यार्थियों ने चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे व्याख्यान संवादात्मक और समृद्ध बन गया। इस कार्यक्रम में फैकल्टी नीतेश शर्मा, मोहम्मद अली, रणदीप सिंह, मंसूफी अली अंसारी और दीपक ने भाग लिया। सत्रों के समापन पर प्रो. प्रतिमा देवी ने आभार जताया। इस विस्तार व्याख्यान ने आईएसएल स्वर विज्ञान, आकृति विज्ञान, वाक्य-विन्यास और बधिर शिक्षा में इसके महत्व पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिससे विद्यार्थियों के बीच गहरी समझ विकसित हुई।

जाट कॉलेज में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का चौथा दिन

वालंटियर्स ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय के एनएसएस वालंटियर्स ने गांव गढ़ी बोहर में 'नशे को जो अपनाएगा, पूरे जीवन वह पछताएगा और हम सब का एक ही नारा साफ सुधरा हो देश हमारा' जैसे स्लोगनों से गली-गली पहुंचकर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस जनजागरुकता रैली को गांव की मुख्य चौपाल से हरी झंडी दिखाकर प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने रवाना किया था। इससे पूर्व चौपाल में वालिंटियर्स को सामाजिक कार्यकर्ता कैप्टन जगबीर मलिक द्वारा चरित्र निर्माण और सामाजिक मूल्यों पर विशेष व्याख्यान दिया गया। प्राचार्या डॉ. राठी ने बताया कि एक विशेष अभियान के तहत यह कैप गांव गढ़ी बोहर में लगाया गया। उन्होंने बताया कि गांव के राजकीय स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान वालिंटियर्स ग्रामीणों को नशे जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकालकर गली-गली पहुंचे और ग्रामीणों को साफ-सफाई व स्वच्छता, कूड़ा निस्तारण के बारे में जागरूक किया। वहीं गांव बोहर में वालिंटियर्स ने हैंडीक्राफ्ट की प्रकिया जाकर जानी।

नाबालिग युवक की हुई मौत के मामले में आरोपी युवक काबू

- आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने नाबालिग युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में आरोपी जगदीप व नाबालिग युवक को काबू किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। नाबालिग युवक को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह भेजा गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया ने बताया कि 26 फरवरी को हाल निवासी महिला की शिकायत के आधार पर पुरानी सब्जी मंडी थाना में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि महिला के दो बच्चे है। 24 फरवरी को रात के समय महिला के नाबालिग लड़के को पड़ोस में रहने वाले जगदीप व उसके परिवार के सदस्यों ने नाबालिग लड़के को कमरे में बंद कर मार पीट की। मारपीट के दौरान लगी चोटों के कारण नाबालिग लड़के को पीजीआईएमएस में दाखिल कराया गया।

आरोपी का पुराना रिकॉर्ड

जांच के दौरान 5 मार्च को आरोपी जगदीप निवासी रोहतक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास के तहत थाना महम में केस दर्ज किया गया है। नाबालिग युवक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

कार्यक्रम मदवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में न्यूज प्रोडक्शन एंड कंटेंट क्रिएशन कार्यशाला आयोजित

समाचार पत्रिकाओं तथा पुस्तकों का अध्ययन जरूरी : मोदी

- न्यूज बैकग्राउंडर तथा न्यूज एनालिसिस के महत्व पर डाला प्रकाश
- विद्यार्थियों से पारस्परिक संवाद भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

समाचार संकलन तथा समाचार लेखन एक कला है। बेहतरीन समाचार लेखन के लिए अभ्यास की जरूरत है। साथ ही, समाचार संबंधित समझ विकसित करने के लिए समाचार पत्रों, समाचार पत्रिकाओं तथा पुस्तकों का अध्ययन जरूरी है। ये कहा प्रतिष्ठित मीडिया कर्मी परवीन के. मोदी ने। वे वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आयोजित- न्यूज प्रोडक्शन एण्ड कंटेंट क्रिएशन कार्यशाला में बतौर विशेष वक्ता बोल रहे थे। मोदी ने न्यूज प्रोडक्शन के लिए जरूरी बातों की विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि समाचार को अंतिम रूप देने से पूर्व सभी संबंधित तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर ले। उन्होंने कहा कि आज भी प्रिंट मीडिया की प्रासंगिकता है। न्यूज बैकग्राउंडर तथा न्यूज एनालिसिस के महत्व पर भी आमंत्रित वक्ता ने प्रकाश डाला। विद्यार्थियों से पारस्परिक संवाद भी कार्यक्रम में हुआ।

रोहतक। कार्यशाला को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता परवीन के. मोदी।

कंटेंट क्रिएशन एक कला : प्रो. हरीश कुमार

विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार ने कहा कि कंटेंट क्रिएशन एक कला है। इसमें सफलता प्राप्त की जा सकती है। जरूरत है कि विद्यार्थीगण भाषायी कौशल के साथ-साथ समाचार प्रस्तुतिकरण की बारीकियां भी सीखें।कार्यशाला के प्रारंभ में प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को न्यूज सेंस विकसित करनी होगी। जरूरत है कि विद्यार्थीगण गंभीरता से समाचार की समझ विकसित करें। प्राध्यापक डॉ. नवीन कुमार ने आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा डिजीटल मीडिया में कंटेंट सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल विकसित करने का परामर्श डा. नवीन कुमार ने दिया। आमंत्रित विशेष वक्ता परवीन के. मोदी का विस्तृत परिचय शोधार्थी प्रिया ने दिया। इससे पूर्व, गत दिवस परवीन के. मोदी ने विभाग के शोधार्थियों से इंटरेक्शन किया। न्यूज लेटर प्रोडक्शन के अमूल्य टिप्स उन्होंने शोधार्थियों को दिए। इस अवसर पर राजकीय पीजी नेहरू कालेज, झज्जर की सहायक प्रोफेसर डॉ. मीनू, एलएन हिन्दू कालेज, रोहतक के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुमित सहरावत समेत विभाग के शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।